Title: Need to provide stoppage of Vaishali Express and other express trains at Khalilabad Railway Station in Uttar Pradesh -Laid.

श्री भालचन्द्र यादव (खलीलाबाद): महोदय, उत्तर प्रदेश में खलीलाबाद का व्यापारिक रूप से अत्यधिक महत्व है। खलीलाबाद को अब जिले का दर्जा भी प्राप्त हो गया है और यहां की आबादी भी लगातार बढ़ती जा रही है। किंतु, खलीलाबाद रेलवे स्टेशन पर महत्वपूर्ण रेलगाड़ियों, जिसमें वैशाली एक्सप्रेस प्रमुख है, का ठहराव न होने के कारण जन प्रतिनिधियों एवं अन्य व्यवसायी लोगों को 50-60 कि.मी. दूर जा कर बस्ती से गाड़ी को पकड़ना होता है, जिससे अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है।

अतः माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि खलीलाबाद रेलवे स्टेशन पर वैशाली एक्सप्रेस सहित महत्वपूर्ण गाड़ियों का ठहराव दिया जाये तथा गारेखपुर-गोण्डा लाइन को बड़ी लाइन में बदला जाये।